भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
12.03.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2178 का उत्तर

शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हुलास-नगला क्रॉसिंग पर रेलवे उपरिपुल का निर्माण

2178. श्री अरुण कुमार सागर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बरेली-शाहजहांपुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर स्थित हुलास-नगला रेलवे क्रॉसिंग पर भारी यातायात की स्थिति को देखते हुए वहां पर रेलवे उपरिपुल के निर्माण के लिए कदम उठाए गए हैं/उठाने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आज की तिथि के अनुसार हुलास-नगला रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिपुल के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): बरेली-शाहजहाँपुर-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर समपार संख्या 343/स्पेशल (हुलास नगला रेलवे क्रॉसिंग) पर ऊपरी सड़क पुल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और जून, 2022 में चालू कर दिया गया है तथा समपार को बंद कर दिया गया है।

****